## योगी सरकार में प्रदेश में पर्यटकों की आमद में हुई बड़ी बढ़ोतरी, सातवें वर्ष में 41.15 करोड़ अधिक आए पर्यटक

# अयोध्या, काशी व मथुरा ने बदली प्रदेश के पर्यटन की सूरत

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: धार्मिक स्थलों-नगरों को भव्य-दिव्य और सुविधाजनक बनाने की मोदी-योगी सरकारों की मुहिम रंग ला रही है। अयोध्या, काशी व मथुरा सहित अन्य धार्मिक स्थलों ने घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी बढ़त दिलाई है। वर्ष 2024 में प्रदेश में 64.90 करोड़ पर्यटकों की आमद हुई जो 2023 के मुकाबले 16.89 करोड़ अधिक है। वहीं विदेशी पर्यटकों की संख्या में 6.67 लाख की बढ़ोतरी हुई है। योगी सरकार के लिए भी यह बड़ी उपलब्धि है क्योंकि 2017 में जब प्रदेश में भाजपा सरकार बनी थी, उस साल उप्र में 23.75 करोड़ पर्यटक आए थे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इसे धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयत्न किए जा रहे हैं। इससे देश-विदेश में उप्र की लोकप्रियता बढ़ रही है। वर्ष 2022 से उप्र घरेलू पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। विदेशी पर्यटकों के आगमन के मामले में भी यही उपलब्धि हासिल करने का प्रयास है। इसके लिए ज्ञात-अल्प ज्ञात पर्यटन स्थलों को दिव्य-दिव्य बनाने के साथ वहां पर्यटक सुविधाओं का विकास भी किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। प्रदेश में वर्ष 2024 में कुल 649076213 पर्यटक आए, जबकि 2023 में कुल 480127191 पर्यटक आए थे।

वहीं वर्ष 2023 में 1601503 विदेशी पर्यटक आए थे, जबकि 2024 में 2269067 विदेशी पर्यटक आए। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में तेज गति से वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में वहां 5.75 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। वर्ष 2024 में 16.44 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे, जो 2023 के मुकाबले 10.68 करोड़ अधिक है।

काशी में 2023 के मुकाबले 82 लाख, मथुरा में 1.21 करोड़ और प्रयागराज में 5.91 लाख पर्यटकों की वृद्धि हुई। वहीं विदेशी पर्यटकों के आगमन में वर्ष 2024 में आगरा पहले स्थान पर बना रहा। यहां कुल 1,77,75,561 पर्यटक आए, जिसमें 14,65,814 विदेशी थे। वाराणसी में 309932, कुशीनगर में 2,51,251, मथुरा में 136079 और अयोध्या में 26,048 विदेशी पर्यटक आए।

**2017** में योगी सरकार के पहले वर्ष में 23.75 करोड़ पर्यटकों की आमद

**2024** में आए 65 करोड़, 2023 के मुकाबले 16.89 करोड़ अधिक

### पर्यटकों की आमद में अग्रणी जिले

| जिला | वर्ष 2023 में पर्यटक | 2024 में |
|---|---|---|
| अयोध्या | 57570896 | 164419522 |
| काशी | 101867618 | 110097743 |
| मथुरा | 77927299 | 90081788 |
| प्रयागराज | 50671622 | 51262806 |



